<u>समाचार</u>

<u>प्रधानमंत्री आवास योजना</u>

गृहप्रवेश कार्यक्रम

## देश के 30 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ने आज वर्चुअल रूप से कराया गृहप्रवेश

(छत्तीसगढ़ के 23 हजार 71 एवं कोरबा जिला नगरीय निकाय के 787 हितग्राहियों ने किया गृहप्रवेश)

(कोरबा का जिला स्तरीय कार्यक्रम राजीव गांधी आडिटोरियम टी.पी.नगर कोरबा में कटघोरा विधायक के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ)

कोरबा 17 सितम्बर 2024 – प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश के 30 लाख हितग्राहियों को वर्चुअल रूप से उनके नए पक्के मकानों में गृहप्रवेश कराया, वहीं छत्तीसगढ़ 23 हजार 71 एवं कोरबा जिले के नगरीय निकाय के 787 हितग्राहियों ने गृहप्रवेश किया, जिसमें नगर पालिक निगम कोरबा के 690 हितग्राही शामिल थे, गृहप्रवेश कार्यक्रम के साथ–साथ आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत भी की गई।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराने का कार्यक्रम आज 17 सितम्बर को पूरे देश में आयोजित किया गया। उडीसा की राजधानी भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम से जुड़कर हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया, जबकि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, मंत्री मण्डल के सदस्य लखनलाल देवांगन, दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं रूपकुमारी चौधरी सहित विधायकगण इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े। कोरबा में जिला स्तरीय कार्यक्रम टी.पी.नगर

स्टेडियम के समीप स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत, निगम आयुक्त व जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल, पूर्व महापौर श्री जोगेश लांबा, पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन , रितु चौरसिया एवं धनश्री साहू, भाजपा कोसाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, कोरबा मण्डल अध्यक्ष परविंदर सिंह, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, सतविंदरपाल सिंह बग्गा, संजू शर्मा, अनिल वस्त्रकार, बद्री अग्रवाल सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण, हितग्राहीगण एवं आमनागरिक उपस्थित थे।

**हितग्राहियों का सपना हुआ पूरा –** जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने इस मौके पर कहा कि आज प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सपना पूरा हुआ है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर आज उन्हें उनके नए पक्के मकान में प्रवेश कराया गया तथा मकान की चाबियॉ सौपी गई। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे, यह सबका प्रथम दायित्व है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कोरबा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने नगर निगम कोरबा द्वारा विगत 10 वर्षो के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत किए गए कार्यो व प्राप्त उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर नेताप्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल एवं पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

**दिलाई गई स्वच्छता शपथ –** मुख्य अतिथि विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों, पी.एम.ए.वाई. के हितग्राहियों तथा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने, गदंगी न करने व अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने, स्वच्छता के लिए लगातार कार्य करने का संकल्प दिलाया।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ –** आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई, उक्त कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ ग्रहण कराने के साथ–साथ सफाई मित्रों को पी.पी.ई. किट प्रदान की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े का वृहद आयोजन किया जाएगा। आज गृहप्रवेश कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों द्वारा स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।